तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 7 जुलाई 2025

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़



12 मुखर्जी जयंती पर श्रद्धांजलि और एक पेड़ मां के नाम अभियान ..





11 आत्मानंद स्कूल में बाल कैबिनेट का किया गया..




## खबर संक्षेप

### महर्षि आश्रम में गुरु पूर्णिमा की तैयारी पर चर्चा हुई

**बालोद।** गुरु नैस्ठिक महर्षि मुक्त साधकों की तप एवं तीर्थ स्थली महर्षि मुक्त आश्रम हथौद में महर्षि मुक्त लोक सेवा न्यास की बैठक हुई जिसमे लुधियाना से पहुंची गुरु नैस्ठिक दीदी योगमाया भूटानी और उनके पुत्र कनाडा निवासी कपिल भूटानी तथा अंगों महाराष्ट्र से पहुंची दीदी सरस्वती चंद्रवंशी व न्यास के अध्यक्ष गोविंद राम साहू उपस्थित थे। बैठक का संचालन नाडी वैद्य गव्य सिद्ध डॉक्टर पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने किया। बैठक में गुरुपूर्णिमा मानने कार्यक्रम रूपरेखा तैयार की गई। जिसमे सुबह 9 बजे गुरु पादुका पूजन होगा, सुबह 9:30 बजे गुरु महिमा पर प्रवचन गिरिजा देवी शर्मा कुसुमकसा (बालोद) द्वारा प्रस्तुत की जाएगी, 11:30 बजे से स्वामी सत्यानंद झंडापुर उत्तरप्रदेश का प्रवचन होगा, 1:30 से 2:30 गुरु भक्तों के अनुभव सह गुरु भजन कार्यक्रम होगा। बैठक में उपाध्यक्ष जागेश्वर साहू, रामभरोसा साहू, लखन नेताम, संतोष सिन्हा, सागर दास मानिकपुरी, थानसिंह साहू, सहित शिशु मंदिर के आचार्य, दीदीगण उपस्थित थे।

### 13 सटोरिया को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिलाई।** अलग-अलग स्थानों पर पुलिस ने दबिश देकर 13 सटोरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सटोरियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि कोतवाली दुर्ग ने जुआ खेलने व खिलाने वालों पर कार्रवाई कर हटरी बाजार दुर्ग में दबिश दिया। जहां से पुलिस ने मो. नसीर , पांच बिल्डिंग दुर्ग मो. हनीफ, पटेल चौक सुरेश साहू, शफी अख्तर,डिपरापारा दुर्ग गौतम यादव, तकियापारा सुनील राव, ज्योति राव, फिरोज अली , इंदिरा कॉलोनी संजीव सोनी, पोटिया रोड शशि सेंद्रे, लुचकी पारा नाज बेगम, कसारीडीह खिलेश्वर यादव, पोलसायपारा मो. जहीर को पकड़ा गया। इनके पास से पुलिस ने कुल 18 हजार 430 रुपए जब्त किया है।

### दो हत्याकांड में पुलिस के हाथ खाली

**भिलाई।** पुरानी भिलाई और उतई थाना क्षेत्र में हुए हत्याकांड में पुलिस के हाथ खाली है। भिलाई तीन निवासी हितलेश मारकंडे की लाश श्रीराम सिटी के बाउंड्रीवाल के पास पड़ी मिली थी। घटना को गटना को 14 दिन बीत गए लेकिन आरोपी का कुछ पता नहीं चल पाया है। हितलेश भिलाई-चरोदा में निगम में श्रमिक के रुप में काम करता था। पुलिस आसपास के संदिग्ध किस्म के युवकों से पूछताछ किया। मगर पुलिस को कोई भी सुराग नहीं मिल पाया है। आसपास में लगे सीसी कैमरों को भी पुलिस खंगाल रही है। संदेह जताया जा रहा कि मृतक किसी के साथ शराब पीया होगा लेकिन किसी बात को लेकर आपस में विवाद हुआ । उसके बाद आरोपी ने हत्या कर दी होगी। फिलहाल पुलिस जांच के बाद ही असली कारण का पता चल पाएगा।

सांसद के निर्देश के बाद भी काम की गति नहीं बदली

# रेलवे स्टेशन कायाकल्प कार्य की गति धीमी, यात्रियों की मुसीबत बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन का कायाकल्प करने के लिए विभिन्न निर्माण कार्य कराए जा रहे है लेकिन इन कार्यो के धीमी निर्माण गति के कारण आम जनता को काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। सांसद के निरीक्षण व निर्देश के बाद भी की गति धीमी है। पिछले वर्श रेलवे स्टेशन का कायाकल्य करने की बात कहते हुए कई निर्माण कार्य प्रारंभ हुए थे, जिसे जल्द पूर्ण कर लेने की बात कही गई थी, लेकिन करीब एक वर्श से भी ज्यादा समय होने के बाद भी अत्याधुनिक रेल्वे स्टेशन के निर्माण कार्य आधे अधूरे है, जिसके कारण यात्रियो को इस बरसात मे कई कठिनाईयो का सामना करना पड़ रहा है।

### टिकट काउंटर में अव्यवस्था

जहां निर्माण कार्य के दौरान टीकट काउंटर अधूरा होने के कारण बरसते पानी मे तालपत्री के नीचे खड़े होकर या बारिश से अपने आप को जैसे तैसे बचाते यात्रियो को टीकट लेनी पड़ रही है। ऐसे मे यात्री तेज बारिश मे छाता लेकर टीकट कटवाने को मजबूर है। जहां रेल के आते तक यात्रियो को इंतजार करने के लिए भी एक सुरक्षित जगह देखना पड़ रहा है। वही कुछ माह पूर्व मे सांसद, द्वारा रेल्वे स्टेशन का हो रहे अत्याधुनिक करण का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की जांच कर निर्माण की समीक्षा की थी तथा जल्द से निर्माण कार्य पूर्ण करने की बात कही थी, लेकिन उसके बाद भी निर्माण इतनी धीमी गति से चला कि वर्तमान मे बरसात का मौसम आते ही यात्रियो को इसके कारण दिक्कते उठानी पड़ रही है। ऐसे मे आगे देखने वाली बात यह होगी कि ठेकेदार व अधिकारियो द्वारा यात्रियो को होने वाली समस्याओ को दूर करने के लिए क्या ठोस कदम उठाया जाता है तथा जिलेवासियो को कब तक नए अत्याधुनिक रेल्वे प्लेटफार्म का सौगात मिल पाता है।

## विसंगतियां : 20 हजार प्राथमिक और 9 हजार मिडिल स्कूल होंगे एकल शिक्षक

# युक्तियुक्तकरण में खामियां उजागर, निलंबन और तबादले के विरोध में विधायक के साथ किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अखिल भारतीय पंचायत परिशद् ने छ.ग. राज्य शिक्षा विभाग द्वारा युक्तियुक्तकरण के नकारात्मक प्रभावो व उसके निराकरण की मांग करते हुए अधिकारी के माध्यम से राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान मे छत्तीसगढ़ राज्य शिक्षा विभाग द्वारा युक्तियुक्तकरण लागू की गई है। इसके नकारात्मक प्रभाव प्रदर्शित होते है।

परिशद् द्वारा एकल शिक्षकीय और शिक्षक विहिन स्कूलो में अतिशेष शिक्षको के समायोजन मे पारदर्शिता लाने की मांग के साथ ही शिक्षको के युक्तियुक्तकरण को रद्द करने और 2008 के सेटअप को यथावत रखने का अनुरोध किया। प्रक्रिया से पूरे राज्य की शिक्षा व्यवस्था मे सबसे बड़ा परिवर्तन होने जा रहा है। उक्त प्रक्रिया मे संवेदनशीलता, पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित होनाआवश्यक है। किन्तु दावा आपत्ति करने तथा उनके निराकरण की कोई व्यवस्था नही की गई। प्राथमिक शालाओं व पूर्व माध्यमिक शालाओं में प्रधानपाठक के पद को शिक्षकीय पद् की गणना से पृथक रखा



जावे। ज्ञापन मे कहा गया है कि सरकार युक्तियुक्तकरण से अतिरिक्त शिक्षक उपलब्ध कराने तथा शिक्षा की गुणवता मे वृद्धि का दावा करती है जबकि युक्तियुक्तकरण के अनुसार राज्य के लगभग 2,00,00 प्राथमिक शालाओ तथा लगभग 9000 पूर्व माध्यमिक शालाओ मे एक एक शिक्षक कम हो जाएंगे तथा शिक्षा की गुणवत्ता पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। केवल 1 प्रधान पाठक और 1 सहायक शिक्षक से प्राथमिक शालाओ का संचालन तथा 1 प्रधान पाठक और 3 शिक्षक से विशयवार पूर्व माध्यमिक शालाओ का संचालन अव्यवहारिक और अमानवीय है। ▶▶| शेष पेज 11 पर



### बीजाभाटा में शिक्षिका स्थानांतरण को लेकर ग्रामीणों का चक्काजाम

**डौंडीलोहारा।** विकासखंड के बीजाभाटा में स्थानांतरित शिक्षिका का स्थानांतरण रोकने एवं शिक्षिका को निलंबित करने हेतु ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक की मौजूदगी में चक्का जाम कर दिया, इसके पूर्व प्रशासन को इसकी सूचना लिखित में दी थी। ग्राम बीजाभाटा के ग्रामीण कमलेश साहू ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय में तीन शिक्षक थे। युक्ति युक्तिकरण के तहत शिक्षिका नर्मदा साहू का अनियंत्रित स्थानांतरण कर दिया। इससे ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीण शिक्षिका उषा बोरकर का लंबे समय से स्थानांतरण की मांग कर रहे थे। लेकिन दूसरी शिक्षिका का स्थानांतरण कर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि उषा बोरकर का विद्यालय के छात्रों तथा ग्रामीणों के साथ



व्यवहार ठीक नहीं है। विद्यालय में समय पर उपस्थित भी नहीं रहती। इससे विद्यालय में अव्यवस्था रहती है। ग्रामीण अपने बच्चों को 15 दिन से स्कूल नहीं भेज रहे हैं। चक्का जाम में ग्रामीणों को ▶▶| शेष पेज 11 पर

## अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम कोड़िया भानपुरी मार्ग में एक बड़ा एक्सीडेंट हो गया है । जहां पर अंडा निवासी एक युवक कैलाश महिलांगे 25 वर्ष पिता मोहरदास के पुत्र मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। मिली जानकारी अनुसार युवक धनोरा की ओर से आ रहा था। वह अपने निवास ग्राम अंडा जा रहा था। जहां कोड़िया क्रास होते ही एक मोड़ है ।जहां पर गाड़ी का बैलेंस खराब हुआ और सड़क में



गिरने के बाद किसी अज्ञात वाहन में टक्कर हो गया और मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई । लोगों ने 108 में कॉल किया, मौके पर मौत होने से 108 भी वापस चली गई. इस बीच लोगों का हुजूम जमा हुआ है। क्षेत्र उतई थाना अंतर्गत आता है, वहीं अंडा थाना के कुछ स्टाफ भी मौके पर मौजूद हैं साथ में युवक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए हैं । बहरहाल खबर लिखे जाने तक डेड बॉडी नहीं उठ सका है. ग्रामीण खराब सड़क को लेकर कई बार विभागों के चक्कर लगा चुके हैं। लेकिन छोटा सा एक किलोमीटर का रास्ता खतरनाक होने के कारण रोड जानलेवा बना हुआ है। जिससे ग्रामीण नाराज है, मुआवजा की भी मांग की जा रही है। मौके पर सैकड़ो की भीड़ जुटी हुई है रोड जाम करने की तैयारी भी लोग कर रहे हैं. युवक के दो बच्चे भी हैं।

# दिव्यांग कर्मचारी को भी नहीं मिला तबादला नीति का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

छत्तीसगढ़ शासन की स्थानांतरण नीति 2025 का लाभ दिव्यांग कर्मचारी को नहीं मिल सका। स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत



फार्मासिस्ट ग्रेड-2 ज्योति खाकसे ने निर्धारित प्रक्रिया के तहत समय-सीमा में आवेदन जमा किया, फिर भी उनकी उपेक्षा की गई। रिक्त पद होने के बावजूद उन्हें स्थानांतरण से वंचित रखा गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुल 29 कर्मचारियों का स्थानांतरण किया गया, जबकि नियमों के अनुसार यह संख्या 10% से अधिकतम 15% तक होनी चाहिए थी। ऐसे में हजारों कर्मचारियों में से सिर्फ 29 का चयन और दिव्यांग कर्मचारी की उपेक्षा मानवता पर सवाल खड़े करती है।

### नियमों की अनदेखी कर अपनों को लाभ

छत्तीसगढ़ दिव्यांग शासकीय अधिकारी/कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष प्रकाश खाकसे ने आरोप लगाते हुए बताया कि स्थानांतरण नीति के तहत जिन कर्मचारियों ने आवेदन किया था, उनमें से कुछ को जानबूझकर वंचित रखा गया। जबकि विभागीय स्तर पर कुछ अन्य कर्मचारियों को नीति की कंडिका 3.17 की अवहेलना करते हुए सलंग्न किया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि दिव्यांग कर्मचारी को स्थानांतरण से वंचित रखा गया तो न्यायालय की शरण में जाना मजबूरी होगी।

### दिव्यांग अधिकारों का हुआ उल्लंघन

दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 20(5) तथा सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशों के अनुसार दिव्यांग कर्मचारियों को प्राथमिकता के आधार पर मनचाहे स्थान पर पदस्थापना दी जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट एवं हाईकोर्ट के आदेश भी इस विषय में स्पष्ट हैं कि दिव्यांग कर्मचारियों की नियुक्ति ऐसी जगह हो जहां से वे सुगमता से कार्यस्थल पहुंच सकें। इसके बावजूद भी ज्योति खाकसे को उनकी पसंद के स्थान पर स्थानांतरण नहीं दिया गया, जो कि दिव्यांगजनों के लिए बनाए गए नियमों और संवेदनशीलता दोनों का उल्लंघन है।

# मोहर्रम पर गूंजा सौहार्द्र का पैगाम एवं मुस्लिम समाज ने शरबत बांटे





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

मोहर्रम के पवित्र अवसर पर मुस्लिम समाज द्वारा सौहार्द और भाईचारे का संदेश देते हुए दल्लीराजहरा नगर में विशेष आयोजन किया गया। बस स्टैंड फव्वारा चौक में समाज के बैनर तले शरबत एवं अन्य सामग्री का वितरण कर समाजसेवा और एकता का परिचय दिया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजिक जन उपस्थित रहे और उन्होंने राहगीरों, यात्रियों एवं आमजन को शरबत पिलाकर मोहर्रम की महत्ता और इंसानियत की भावना को जीवंत किया। मुस्लिम समाज के इस आयोजन से क्षेत्र में गंगा-जमुनी तहज़ीब की मिसाल देखने को मिली। आयोजकों ने बताया कि मोहर्रम सिर्फ मातम का नहीं, बल्कि इंसानियत, बलिदान और सेवा का प्रतीक है। इस कार्य से नगरवासियों के बीच आपसी भाईचारे की भावना और भी प्रगाढ़ हुई है। कार्यक्रम में युवाओं की सहभागिता उल्लेखनीय रही और उन्होंने पूरे उत्साह के साथ व्यवस्था संभाली। समाज के वरिष्ठजनों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे परंपरा के साथ सामाजिक जिम्मेदारी का सुंदर उदाहरण बताया। मुहर्रम में मुस्लिम समुदाय हजरत इमाम हुसैन की इसी शहादत को याद करते हैं और इसी शहादत की याद में ताजिया भी निकाला जाता है. हजरत इमाम हुसैन का मकबरा इराक के शहर कर्बला में है. कर्बला में ही यजीद और इमाम हुसैन के बीच जंग हुई थी. ये जगह इराक की राजधानी बगदाद से करीब 120 किमी दूर है और इसे बेहद सम्मानित स्थान माना जाता है।

## जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा ने की संगोष्ठी

# डा. मुखर्जी ने अखंड भारत की वकालत की और राष्ट्र भक्ति को सर्वोपरि बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय जन संघ के संस्थापक, चिंतक, शिक्षाविद, राष्ट्रवादी नेता डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखजएँ के जयंती पर जिला भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी रखी गई, जहां उनके तैल चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके राष्ट्र को समर्पित कार्यों को स्मरण किया गया। संगोष्ठी में वक्ताओं ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व और कृतित्व को स्मरण करते हुए उनके राष्ट्र के प्रति समर्पण को प्रेरणा स्रोत बताया।

पूर्व जिला अध्यक्ष पवन साहू ने कहा श्यामा प्रसाद मुखर्जी 33 वर्ष की अल्पायु में कोलकाता विश्वविद्यालय के कुलपति बने, उनकी क्षमता और बुद्धिमत्ता के कारण गांधी जी और सरदार पटेल के अनुरोध पर भारत के पहले मंत्रिमंडल में शामिल हुए, राष्ट्रीयता की प्रतिबद्धता को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मानने के कारण उन्होनें मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दिया और एक नई पार्टी बनाई, जो उस समय विरोधी पक्ष के रूप में सबसे बड़ा दल था। 1951 में जनसंघ की स्थापना की। जिनकी राजनीतिक दल के रूप में भारतीय जनता पाटएँ बना। ▶▶| शेष पेज 11 पर





### धारा 370 को समाप्त करने की वकालत की

भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य कृष्णकांत पवार ने कहा कि श्यामा प्रसाद जम्मू कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे, उस समय जम्मू कश्मीर का अलग झंडा और अलग संविधान था, वहां का मुख्यमंत्री वहां का प्रधानमंत्री कहलाता था, संसद में अपने भाषण में मुखर्जी ने धारा 370 को समाप्त करने की वकालत की, 1952 में जम्मू की विशाल रैली में उन्होंने अपना संकल्प व्यक्त किया या तो मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊंगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए अपना जीवन बलिदान कर दूंगा, किंतु एक देश में दो संविधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलने दूंगा। अपने संकल्प को पूरा करने के लिए 1953 में बिना परमिट लिए जम्मू कश्मीर निकल पड़े वहां पहुंचते ही उन्हें गिरफ्तार कर नजर बंद कर लिया गया 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनके मृत्यु हो गई। उनके संकल्प को मोदी जी ने पूरा करते हुए कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाया।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI DAGANIA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

• C.O.P.A.* (Computer) 1 Year (10th Pass)

अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बालोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)

89595-93937 • 89595-44444

# ट्विनसिटी में शाम को हुई बारिश, तीन दिनों तक भारी बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पिछले तीन दिनों से आसमान पर बदली छाई हुई है लेकिन बारिश नहीं के बराबर हो रही थी। शनिवार की शाम को ट्विनसिटी में बारिश हुई। मौसम विभाग ने आने वाले तीन दिनों तक भारी बारिश का सिस्टम बनने के संकेत दिए हैं। दुर्ग जिले में 3 जुलाई तक 116.4 मिलीमीटर बारिश ही हो पाई है। जबकि पिछले साल यानी वर्ष 2024 में 228.4 मिलीमीटर बारिश हो चुकी थी। इस तरह अब भी 49 मिलीमीटर बारिश कम हुई है। जुलाई महीने में 106 प्रतिशत बारिश की संभावना जताई गई है। इसलिए किसानों की उम्मीदें इस महीने बनी हुई है।

## जून महीने में अपेक्षित बारिश नहीं होने के बाद अब जुलाई में अच्छी बारिश की उम्मीद

### बदली पूरे दिन पर बरस नहीं रहे बादल

जुलाई महीने की शुरूआत से अच्छी वर्षा होने का अनुमान लगाया गया था। आसमान पर बादल भी पूरे दिन छाते रहे। बादल आते और जाते लेकिन बरसे नहीं। दिनभर में कुछ ही देर के लिए अलग-अलग क्षेत्रों में जरूर बारिश हुई लेकिन खंड वर्षा जैसे हालात दिखाई दिए। एक किलोमीटर हिस्से पर सड़क भींग जाती तो उससे आगे सूखे की स्थिति नजर आती। जिससे मानसून को लेकर किसानों में चिंता व्याप्त होने लगी है।



### 11.8 मिलीमीटर हुई बारिश

शनिवार को दुर्ग जिले में 11.8 मिलीमीटर वर्षा हुई है। बारिश होने से अधिकतम तापमान में भी लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। 5 जून को दुर्ग जिले का अधिकतम तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जो सामान्य से 1.8 डिग्री सेल्सियस कम रहा। इसी तरह न्यूनतम तापमान में भी गिरावट आई है। न्यूनतम तापमान 11.8 डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया है।

### इस तरह बन रहा मानसून का सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक मानसून की द्रोणिका समुद्र तल से श्री गंगानगर, भिवानी, आगरा,बांद्रा, पुरलिया होते हुए पूर्व दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। दूसरा उत्तर-पूर्व मध्य प्रदेश और आसपास में चक्रवाती परिसंचरण 1.5 किमी तक बना हुआ है।तीसरा गंगीय पश्चिम बंगाल के उत्तरी भागों और आसपास क्षेत्रों में चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है और अब यह समुद्र तल से 7.6 किमी ऊपर तक फैला हुआ है। जो ऊचाई के साथ दक्षिण पश्चिम की ओर झुक रहा है। इसके प्रभाव से अगले 24 घंटों के दौरान गंगीय पश्चिम बंगाल और आसपास के क्षेत्रों में एक निम्न दाब का क्षेत्र बन रहा है। चौथी द्रोणिका जब उत्तर-पूर्व अरब सागर से गंगीय पश्चिम बंगाल के उत्तरी भागों और आसपास क्षेत्रों के उपरोक्त चक्रवाती परिसंचरण तक उत्तर गुजरात , उत्तर मध्य प्रदेश, झारखंड से दक्षिण-पूर्व तक समुद्र तल से 3.1 किमी और 5.3 किमी तक ऊपर दक्षिण की ओर झुक रही है।

## खबर संक्षेप

### पार्क में टूटे हुए झूलों की होगी मरम्मत

**दुर्ग।** शहर के प्रमुख गार्डनों में से एक दादा-दादी नाना-नानी पार्क में जल्द ही रौनक लौटेगी। गार्डन का कायाकल्प किया जाएगा। इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। उद्यानिकी प्रभारी काशीराम कोसरे ने निरीक्षक अनिल सिंह, भोला महोबिया के साथ गार्डन का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने गार्डन से जुड़ी जानकारी ली। साफ सफाई रख-रखाव व्यवस्था पर विशेष ध्यान जनहित में जन सुविधा हेतु दिया जा रहा है। उन्होंने गार्डन के बाहर और भीतर गाजर घास की कटाई के निर्देश दिए। कोसरे ने कहा कि बारिश के बाद पार्क में बेहतर रंगरोहन व गार्डन को व्यवस्थित करने, टूटे हुए झूलो को मरमत के साथ साथ साफ साफ व्यवस्थाएं दुरुस्त सहित प्रकाश व्यवस्थाओ में ध्यान रखने को कहा गया है।

### डॉक्टरों के सेवाभावी कार्यों की सराहना, 26 चिकित्सक सम्मानित

**दुर्ग ।** लायंस क्लब ऑफ दुर्ग सिटी द्वारा डॉक्टर्स डे पर जिला अस्पताल के 26 डॉक्टरों का सम्मान कर उनके सेवाभावी कार्यों की सराहना की गई। डॉ. प्रवीण अग्रवाल, डॉ. ममता पांडे के अलावा अन्य डॉक्टरों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला अस्पताल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. आशीनन मिंज ने लायंस क्लब ऑफ दुर्ग सिटी के सेवाकार्यों की प्रशंसा की और उन्हें साधुवाद दिया।

**बढ़ी लागत :** तत्कालीन मंत्री के निर्देश पर 5 संभागों में मिली थी स्वीकृति

# ऑडिटोरियम में 8 साल पहले 13 करोड़ खर्च, 10 करोड़ और खर्चेंगे

## 2017 में शुरु हुआ था निर्माण, अब तक काम नहीं हुआ पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

वर्ष 2017 से अधूरे पड़े ऑडिटोरियम का फिर से निर्माण शुरू होगा। साइंस कॉलेज में निर्माणाधीन इस ऑडिटोरियम का निर्माण पूरा करने राज्य शासन द्वारा हाल ही में 10 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है। राशि जारी होने के बाद पीडब्ल्यूडी ने वर्क आर्डर भी जारी कर दिया है। साढे सात सौ सीटर वाले ऑडिटोरियम के निर्माण से न सिर्फ कॉलेज प्रबंधन और छात्र बल्कि जिला प्रशासन को भी आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए नई जगह मिल जाएगी। वहीं शहरवासियों को भी इसकी उपयोगिता से बढी राहत मिलेगी।

जानकारी अनुसार वर्ष 2017 से साइंस कॉलेज में ऑडिटोरियम का निर्माण किया जा रह हैं। वर्तमान में यहां बिल्डिंग पूरी तरह से बनकर तैयार है। अफसरों के अनुसार अब तक 13 करोड़ रुपए भी खर्च हो चुके हैं। लेकिन शेष राशि नही मिलने के कारण निर्माण कार्य आठ साल से अधूरा था। उल्लेखनीय है कि इस अधूरे ऑडिटोरियम के निर्माण को लेकर कांग्रेस शासनकाल में शहरवासियों ने उम्मीद भी पाली थी। लेकिन कांग्रेस शासन में पांच साल तक यह राशि जारी नही की गई। बहरहाल साइंस कालेज प्रबंधन को विभिन्न कार्यक्रमों के लिए अन्य जगह व्यवस्था करनी पड़ती है। शहर में पिछले लंबे समय से ऑडिटोरियम की मांग हो रही थी। प्रशासन द्वारा प्रशासकीय कार्यक्रमों के लिए बीआईटी कॉलेज का



### रिवाइज्ड प्लान के चलते अटका रहा निर्माण

साइंस कॉलेज के ऑडिटोरियम निर्माण में देरी का सबसे बडा कारण प्लानिंग बदलना रहा। पीडब्ल्यूडी के अफसरों ने पूर्व में 13 करोड़ रुपए खर्च कर चुके है। लेकिन बाद में फिर से प्लानिंग बनाई गई। जिसमें वीआईपी लाउज और बेसमेंट बनाने का कार्य जोडा गया। इस पर अब दस करोड़ अतिरिक्त राशि जोड़कर रिवाइज्ड प्लान तैयार किया गया था। इस पुनरीक्षित डिमांड को पिछले साल विधायक गजेन्द्र यादव की अनुशंसा पर पीडब्ल्यूडी विभाग ने राज्य शासन को भेजा था।

### देरी से 80 फीसदी बढ़ गई लागत

साइंस कालेज में निर्माणाधीन आडिटोरियम वर्ष 2021 तक बन जाना था। लेकिन इसे अब तक पूरा नही किया गया। इस आडिटोरियम के बन जाने से न सिर्फ कालेज प्रबंधन बल्कि शहर में विविध आयोजनों के लिए लोगों को राहत मिलती। निर्माण में देरी के चलते इसका निर्माण लागत भी अस्सी फीसदी तक बढ गया और वर्तमान स्थिति कबाड होने पर पहुंच गई थी। विभाग की माने तो आडिटोरियम में देरी होने का मुख्य कारण ड्राइंग डिजाइन को बार-बार बदला जाना है।

### आडिटोरियम में मिलेगी ऐसी सुविधा

पूराने ऑडिटोरियम में पुराने दिवारों के उपर फॉल सिलिंग, ऑडिटोरियम में एसी व ऑडिटोरियम के अंदर कैमरे और डीमर लाइट लगेगा। आडिटोरियम के अंदर प्रोजेक्टर में एक साथ साढे सात सौ सीट में छात्र प्रेजेंटेशन का लाभ ले सकते। इससे पढ़ाई से संबंधित सभी प्रेजेंटेशन को दिखाया जाएगा। साइंस कालेज प्रबंधक द्वारा पढाई के उपयोग करने के आलावा, इसका उपयोग शासकीय व अशासकीय के रूप में भी होगा। दुर्ग में आडिटोरियम की कमी के चलते कार्यक्रम के लिए आयोजक भिलाई की ओर रूख करते थे।

### मिलेगी सौगात

पिछले आठ साल से ऑडिटोरियम का निर्माण अधूरा था। पूर्व में 13 करोड़ खर्च हुए थे। वर्तमान में दस करोड़ की मंजूरी मिलने के बाद ऑडिटोरियम को सर्वसुविधायुक्त बनाया जा रहा है। शहरवासियों को जल्द ही इसकी सौगात मिलेगी। **-गजेन्द्र यादव,** विधायक दुर्ग

### वर्कआर्डर जारी

साइंस कालेज में आडिटोरियम निर्माण के लिए दस करोड की राशि स्वीकृत हो गई है। रायपुर की ए न्यू कंट्रक्शन को टेंडर दिया गया है। जिसका वर्कआर्डर विगत 27 जून को जारी कर दिया गया है। **-आशीष भट्टाचार्य,** ईई पीडब्ल्यूडी विभाग दुर्ग

# बारिश में मैदानी स्वास्थ्य अमला रहेगा तैनात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ स्वास्थ्य विभाग ने की बैठक में दिए गए निर्देश

वर्षा ऋतु में मौसमी बीमारियों को लेकर मैदानी स्वास्थ्य अमले की भूमिका को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने शनिवार को महत्वपूर्ण बैठक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 में हुई। जिसमें दवाओं से लेकर आवश्यक सामग्री, भर्ती मरीज करने, बेड की स्थिति और उपकरणों की जानकारी के मौजूदा स्थिति की समीक्षा की गई। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी ने सभी से वर्षा ऋतु में हल्का ताजा भोजन करने और बासी भोजन से बचने कहा। उन्होंने बताया कि सभी शासकीय अस्पतालों में सभी प्रकार की दवा ओर उपकरणों सहित जीवन रक्षक दवाएं उपलब्ध है, इसके लिए जागरूक रहना चाहिए सर्तक रहना ओर नीम हकीम से इलाज कराने से बचना चाहिए।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. भुनेश्वर कठौतिया ने बताया कि वायरल फीवर, टाइफाइड, डेंगू और उल्टी दस्त के प्रकरणों में बढ़ोतरी मिल सकतीं हैं इसलिए पानी उबालकर ठंडा होने पर उपयोग करें। ताजा भोजन करें बासी भोजन से उपयोग से बचें। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 के चिकित्सा अधिकारी डॉ शिखर अग्रवाल ने सभी लोगों से अपील की कि अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। पानी में अनावश्यक न भीगें, फल सब्जियां को धोकर पकाएं, किसी भी खुले में बिकने वाले सामान में मक्खियां और अन्य कीट बैठते हैं, जिससे रोग हो सकता है। सभी स्वास्थ्य केंद्र में डेंगू मलेरिया की निशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध है। शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा भिलाई 3 के बी ई ईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि वर्षा ऋतु में जलजनित रोग टाइफाइड, बुखार, वायरल फीवर, उल्टी दस्त, डेंगू ओर विभिन्न संक्रमण रोग का प्रसारण होता है। लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। फील्ड के स्वास्थ्य कर्मचारियों के पास वर्षा जनित रोगों की दवाओ्र की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। बैठक में सभी बुखार की जांच किट और डेंगू-मलेरिया की आवश्यकता की जानकारी ली गई।

# पहली काउंसिलिंग के लिए पंजीयन शुरू एग्रीकल्चर के लिए रजिस्ट्रेशन 13 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ हार्टीकल्चर के दो नए सरकारी कॉलेजों में

हार्टीकल्चर के दो नए सरकारी कॉलेजों में एडमिशन इसी सत्र से शुरू होगा। नए कॉलेज खुलने से 64 सीटें बढ़ गई है। बीएससी हार्टीकल्चर में एडमिशन के लिए पहले चरण की काउंसिलिंग शनिवार को शुरू हुई। इसके तहत 13 जुलाई तक पंजीयन किए जा सकेंगे। वहीं दूसरी ओर बीएससी एग्रीकल्चर में प्रवेश के लिए पहले चरण की कॉउंसिलिंग शुरू हो चुकी है। रजिस्ट्रेशन 11 जुलाई तक किए जा सकते हैं। इस बार प्री एग्रीकल्चर टेस्ट में 20 हजार परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इसके नतीजे पिछले दिनों जारी हुए। इसके आधार पर दोनों कोसे में प्रवेश होगा। इधर महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय पाटन से संबद्ध प्रदेश के 15 सरकारी और 4 प्राइवेट कॉलेजों में पिछली बार एडमिशन दिए गए थे। इस साल दो सरकारी कॉलेज सिलफिली अंबिकापुर और रायगढ़ में खोले गए हैं। इनमें इसी सत्र से एडमिशन होगा। इस तरह से कॉलेजों की संख्या 19 से बढ़कर 21 हो गई है। वहीं दूसरी ओर बीएससी एग्रीकल्चर के इस बार करीब हजार सीटों में प्रवेश दिया जाएगा। पहले चरण की काउंसिलिंग के लिए शेड्यूल जारी किया गया है। इसके अनुसार 5 जुलाई से 13 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन होगा।

### 32 एग्रीकल्चर कॉलेजों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू

इंदिरा गांधी कृषि विवि से संबद्ध प्रदेश में करीब 32 एग्रीकल्बर कॉलेज हैं। इनमें 25 सरकारी और 7 प्राइवेट हैं। यहां बीएससी की करीब 2 हजार सीटें हैं। इनमें प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस बार प्रवेश के लिए जो शेड्यूल जारी किया गया है, उसमें एक ही काउंसिलिंग का उल्लेख है। इस काउंसिलिंग के लिए 2 जुलाई से पंजीयन शुरू हो चुका है। 15 जुलाई को सीट आवंटित की जाएगी। 16 से 18 तक दस्तावेज परीक्षण होगा। इसके लिए छात्रों को कृषि महाविद्यालय रायपुर जाना होगा। आवंटित प्रोविजनल सीट को सुरक्षित रखने के लाएं 16 से 19 जुलाई तक फीस जमा करना होगा। पहले चरण की काउंसिलिंग की प्रक्रिया 25 जुलाई तक चलेगी। इसके बाद दूसरी काउंसिलिंग होने की संभावना कम है। जानकारों का कहना है कि सीटें खाली रहने पर बारहवी पास उन छात्रओं को भी प्रवेश का अवसर दिया जा सकता है, जो प्री एग्रीकल्चर टेस्ट में शामिल नहीं हुए थे।

# एयरफोर्स के जवान का तिरंगे में लिपटा शव पहुंचा दुर्ग, उमड़ा जनसैलाब



**दुर्ग।** तीन रोज पहले नैनीताल के भीमताल में डूबने से दुर्ग कैलाश नगर के प्रिंसराज यादव की मौत हो गई थी। शनिवार की शाम तिरंगा में लिपटा उसका पार्थिव शरीर दुर्ग पहुंचा। इस दौरान बड़ी संख्या में शहरवासी उनके अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे। पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल सहित अन्य ने भी परिजनों से मुलाकात कर दुख व्यक्त किया। बता दें कि दो साल पहले ही उसकी पठानकोट पंजाब में एयर फोर्स में नौकरी लगी थी। गुरुवार को परिताल से लगभग 2 किमी पहले मुसाताल में नहाते वक्त एयरफोर्स के दो जवान डूब गए। डूबने वाले दोनों युवक एयरफोर्स में कार्यरत थे। एयरफोर्स में तैनात चार दोस्त नैनीताल घूमने आये थे। प्रिंस कुमार (22 वर्ष) और उसके दोस्त साहिल कुमार (23) की डूबने से मौत हो गई थी। वे दो अन्य दोस्तों नयाल सौरभ सिंह (25) और बृजेन्द्र (25) के साथ पिकनिक मनाने पहुंचे थे।

# टाउनशिप का श्रमिक चौक भी संवर रहा...



भिलाई। इस्पात नगरी भिलाई की टाउनशिप की सड़कों और चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। सेक्टर-2 के श्रमिक चौक का भी मेंटेनेंस कराया गया। चौक को संवारा गया। बीएसपी अधिकारी पवन कुमार, उत्पल दत्ता, संदीप माथुर होने वाले कामों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि डायरेक्टर्स बंगले के समीप तालपुरी चौक, रुआबांधा के समीप पंथी चौक, बीआरपी के मार्ग पर तिराहे, बोरिया गेट के आगे, 30 एमएलडी ट्रीटमेंट प्लांट चौक, नेहरू नगर के समक्ष सेक्टर-8 के चौक का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही सेक्टर-8, सेक्टर-9 हॉस्टिल के समक्ष पं रविशंकर शुक्ल चौक, 25 मिलियन टन चौक सेक्टर-4, सेक्टर-10 रेल चौक का कार्य पूर्व में किया जा चुका है। सूर्य नमस्कार चौक का भी निर्माण कराया गया है।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का निर्णय, अधिकारियों की जिम्मेदारी तय**

# रेलवे अंडरब्रिज में भरने वाले पानी की समस्या से मिलेगी मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ पानी निकालने उच्च क्षमता पंप का होगा उपयोग

शहर के रेलवे अंजर ब्रिजों में बारिश के समय पानी जमा हो जाता है। आने जाने वालों को इससे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसे लेकर रेलवे ने नया इंतजाम किया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल ने मानसून के आते ही अंडर ब्रिजों में आने वाली दिक्कतों को लेकर गंभीरता दिखाई है। अंडर ब्रिज में जमा मिट्टी, कचरा, जल निकासी नालियों की गहन सफाई की गई है। जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए उच्च क्षमता के मोटर पंप का उपयोग रेलवे कर रही है। रायपुर रेल मंडल में करीब 52 रोड अंडर ब्रिज है। जिसमें से 9 रोड अंडर ब्रिज राज्य शासन द्वारा रखरखाव किए जाते हैं। 43 रोड अंडर ब्रिज पर रायपुर रेल मंडल ने ब्रिज की आवश्यकता अनुसार 5 हॉर्स पावर से लेकर 20 हॉर्स पावर के प्रत्येक रोड अंडर ब्रिज पर 2 पंप लगाए हैं। भिलाई दुर्ग में चंद्रा -मौर्या टाकिज, सुपेला प्रियदर्शनी परिसर, नेहरु नगर, सिरसा गेट आदि जगह पर बारिश में जल भराव की स्थिति निर्मित होती है। ब्रिज निर्माण करते समय ग्रेविटी फ्लो आफ वॉटर का ध्यान रखा जाता है। जिससे पानी अंडर ब्रिज में नहीं ठहरता फिर भी तेज बारिश के समय पानी भराव होने पर पंप की सहायता से उसे निकाला जाता है। जिससे रहागीरों को आवागमन में व्यवधान न हो एवं सुगम आवागमन संभव हो। सिरसा, सुपेला, भिलाई पावर हाउस, नेहरू नगर, रायपुर नाका, दुर्ग-दल्लीराजहरा क्षेत्र के रोड अंडर ब्रिज अन्य रोड में भी इसका उपयोग किया जा रहा है।

### ड्रेन प्रणाली से किया निरीक्षण

रेलवे ट्रैक पर स्थित ब्रिजों पर पानी के लेवल की पेट्रोलिंग करने के लिए, ट्रैक पैरामीटर को दर्ज करने के लिए इंजीनियर को निर्देशित किया गया है। मानसून में निर्बाध रेल सेवा सुनश्चिति करने के लिए सभी सेक्शनों के जलभराव वाले स्थानों, बोल्डर स्खलन होने वाले पहाड़ों, साइड ड्रेन, पुलों में पानी निकासी के रास्तों, पहाड़ों से आने वाली पानी के ड्रेन प्रणाली आदि का निरीक्षण किया गया। इसके अलावा जलभराव वाले स्थानों पर पानी की निकासी के लिए पाइप लगाए गए हैं। सभी संवेदनशील स्थानों पर चौबीसों घंटे मोबाइल, स्थिर गश्ती दल तैनात किए गए हैं। ट्रैक सर्किट वाले क्षेत्रों में स्टेशन, यार्ड में क्रॉस नालियों की व्यवस्था की गई है।



### इन इंजीनियरों से कर सकते है संपर्क

रेलवे ने समस्या के निराकरण के लिए इंजीनियरों के नंबर भी जारी किए हैं। किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर इंजीनियर अंजनी कुमार 8085614439, महेन्द्र 6263499105, हरमेश 9301505105, तुलसी 7089199694, राकेश 8103799271, संतोष 7974513020, चंद्रूलाल 9302331282, हरिकेश घृतलहरे 9399017611, छोटूराम 8719024691, सुभाष वर्मा 9630846603, गुलशन निषाद 9753558691, महेश यादव 9691546069, प्रदीप निषाद 9301926527, वेदप्रकाश 9826313770, गंगाधर 9669703300 के नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

# गैंगस्टर नेपाली पर रासुका की तैयारी परिवार-रिश्तेदारों की संपत्ति होगी कुर्की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिले में अपराध कर लंबे समय से फरार होने वाले गैंगस्टर दीपक नेपाली पर पुलिस रासुका (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून) की तैयारी में जुट गई है। पुलिस की सारी प्रक्रिया लगभग पूरी कर चूकी है।

जल्द इसके खिलाफ बड़ी कार्रवाई होने वाली है। मिली जानकारी के मुताबिक संगाम चौक कैम्प 1 सड़क 18 निवासी दीपक कुमार सिंह उर्फ दीपक नेपाली को पकड़ने के लिए पुलिस ने तकनीकी टीम और एसीसीयू की अलग टीम बनाई गई। इससे जुड़े अपराधियों की भी कुंडली पुलिस खंगाल रही है। साथ ही साथ गैंगस्टर दीपक नेपाली अपनी दबंगई दिखाते हुए हर किसी के साथ मारपीट, धमकी और रंगदारी का अपराध जिले के विभिन्न थानों में दर्ज है। पुलिस दीपक नेपाली को पकड़ने के लिए जगह-जगह पोस्टर लगातार सूचना देने वालों को 3 हजार का इनाम की राशि भी घोषित किया है। पुलिस इसके खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून की धारा की कार्रवाई दोबारा करने वाली है। दीपक नेपाली का नाम महादेव सट्टे में संलिप्ता पाए जाने पर कार्रवाई किया जा चुका है। वैशाली नगर पांडे मुहल्ला 18 नंबर रोड कैंप निवासी प्रदीप चौबे की पत्नी स्नेहा चौबे ने 21 मई की रात वैशाली नगर थाने में दीपक नेपाली, शुभम यादव उसके चाचा राम प्यारे यादव, राजा के खिलाफ जानलेवा हमला करने का मामला दर्ज कराया था। इस मामले में पुलिस ने तीन को गिरफ्तार कर जेल भेजा। इस पूरे घटनाक्रम का साजिशकर्ता गैंगस्टर दीपक नेपाली अब भी फरार है।

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों ने रोपे मां के नाम पौधे

**दुर्ग।** पीएम श्री सेजेस बोरी धमधा में इको क्लब के छात्र छात्राओं ने एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधे रोपे। छात्रों के उत्साहवर्धन के लिए विद्यालय के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष अरविंद कुमार पटेल, भाजपा मण्डल अध्यक्ष बीरबल सिंह पटेल, प्रभारी प्रचार्य गुलनाज बानोएगिरजा चौधरी, छाया सिंह, क्लब प्रभारी संगीता शाह, अरुण चौबे, प्रधानपाठक दीपिका बघेल सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं व स्टाफ उपस्थित थे।

### आरोपी की जमानत याचिका कोर्ट ने की निरस्त

**दुर्ग।** पीडिता की शिकायत पर पुलगांव थाने में अपराध क्रमांक 246/2025 धारा 296,74, 79, भान्यासं 2023 अपराध दर्ज मामले में अपर सत्र न्यायधीश अवध किशोर की कोर्ट ने आरोपी की जमानत को निरस्त कर दिया है। एनसीसी अधिकारी निलेश तिवारी पिता द्वारिका तिवारी उम्र 53 वर्ष कसारीडीह निवासी पर छेडछाड और अश्लील हरकत किए जाने और लगातार अश्लील हरकत किए जाने की शिकायत की गई थी। मामले में अधिकक्ता पक्ष ने आरोपी द्वारा पीडिता के शैक्षिणिक कैरियर प्रभावित किए जाने का पक्ष रखा। उन्होने कोर्ट से आरोपी को जमानत नही दिए जाने की पैरवी की थी। जिस पर कोर्ट ने आरोपी के जमानत याचिका को खारिज कर दिया हैं। मामले में पीडिता की ओर से प्रेम नारायण अधिवक्ता ने जमानत पर रिहा किए जाने पर आपत्ति जताई थी। बहरहाल

### उद्योग भवन में उप पंजीयक कार्यालय की होगी शिफ्टिंग

**दुर्ग।** उप पंजीयक कार्यालय में मॉडल ऑफिस का निर्माण कार्य शुरू होने के कारण इस कार्यालय को अस्थायी रूप से सीएसआईडीसी परिसर के प्रथम तल (उद्योग भवन) जीई रोड दुर्ग में स्थानांतरित किया गया है। जिला पंजीयक सुश्री प्रियंका श्रीरंगे ने बताया कि जिला पंजीयक कार्यालय एवं नकल सर्च पुराने भवन में ही संचालित होगा।

## निधन

### फुदुक राम साहू

**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम जोरातराई निवासी फुदुक राम साहू 96 वर्ष का



रविवार 6 जुलाई को निधन हो गया। जिनकी अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम मे किया गया। वे डोरीलाल, होलधर, नेहरुराम एवं सुरेश साहू के पिता थे। जहां उनकी अंतिम यात्र मे स्वजातीय बंधुओं संहित सैकड़ो ग्रामीणजन शामिल होकर श्रद्धांजली अर्पित की।

### बलदेव साहू



**गुरुर।** ग्राम भूलनडबरी निवासी बलदेव साहू का निधन हो गया है, जिनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे रजवंतीन बाई के पति, अश्वनी साहू, परिक्षेत्रीय साहू संघ गुरुर अध्यक्ष योगेश्वर साहू के पिता थे।

### साइबर वारियर्स : कला मंदिर सिविक सेंटर में आईजी रामगोपाल गर्ग ने दिए टिप्स

# साइबर फ्रॉड रोकने जिले में 250 से ज्यादा डिजिटल क्रिएटर्स तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिले में बढ़ते साइबर फ्रॉड के मामलों से निपटने के लिए अब पुलिस ने अनोखी पहल की है। इसके लिए 250 से ज्यादा डिजिटल क्रिएटर्स, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की मदद ली जाएगी। उन्हें पुलिस ने साइबर वॉरियर्स नाम दिया है। वे ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव को लेकर लोगों को सोशल मीडिया में अवेयर करेंगे। साथ ही पुलिस के साथ समय-समय पर बैठक कर सामने आने वाली समस्याओं से अवगत कराएंगे। ऐसे फ्रॉड करने वालों के बारे में जानकारी पुलिस को देंगे।

इसे लेकर शनिवार को कला मंदिर सिविक सेंटर में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं को रोकने और आम जनता को डिजिटल माध्यम से जागरूक करने को लेकर जानकारी दी गई। कॉल ऑफ द क्रिएटर्स नाम से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। ये सभी साइबर वॉरियर्स सोशल मीडिया के माध्यम से साइबर सुरक्षा पर जागरूकता फैलाने का कार्य करेंगे। आयोजन में आईजी रामगोपाल गर्ग प्रमुख रूप से शामिल हुए। उन्हें साइबर फ्रॉड से जुड़ी कई जरूरी जानकारियां साइबर वारियर्स को दी।

**कला मंदिर सिविक सेंटर में कार्यशाला का आयोजन**








#### बचाव का जन जागरुकता की सबसे बड़ा उपाय

आईजी गर्ग ने कहा कि साइबर अपराधों से निपटने का सबसे प्रभावी तरीका जन जागरूकता है। जब आम नागरिक सतर्क होंगे, तभी साइबर अपराधियों की कोशिशें असफल होंगी। डिजिटल क्रिएटर्स के माध्यम से यह संदेश समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना आवश्यक है। एसएसपी विजय अग्रवाल भी कार्यक्रम में मौजूद थे। उन्होंने कहा कि यह पहली तकनीक है। समाज के बीच की खाई को पाटने की दिशा में एक सशक्त कदम है। साइबर वॉरियर्स के माध्यम से हम जन-जन तक यह संदेश पहुंचाएंगे कि सुरक्षित डिजिटल व्यवहार ही साइबर सुरक्षा की पहली सीढ़ी है।

#### सामाजिक और शैक्षणिक संस्थाओं के सहयोग से किया आयोजन

कार्यक्रम का आयोजन मेघगंगा ग्रुप और डिजाइनों टीम के विशेष सहयोग से किया गया। मेघगंगा ग्रुप के डायरेक्टर मनीष परख एवं डिजाइनों टीम से अजय रात्रे सहित उनकी पूरी टीम कार्यक्रम में सक्रिय रूप से उपस्थित रही। इस अवसर पर पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सुखनंदन राठौर, चंद्र प्रकाश तिवारी, नीलकंठ वर्मा, डॉ. संकल्प राय सहित अन्य मौजूद थे। सभी ने कहा कि दुर्ग पुलिस की यह अभिनव पहल निश्चित रूप से साइबर अपराधों की रोकथाम में एक मील का पत्थर साबित होगी।



## आत्मानंद स्कूल में बाल कैबिनेट का किया गया गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

वनांचल के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मंगचुवा में शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए बाल केबिनेट का गठन किया गया। मुख्यमंत्री के रुप में कु नंदनी पोर्टे कक्षा 12 वीं कला, उप मुख्यमंत्री के रूप में कु भारतीय यादव 12 वीं कॉमर्स, गृहमंत्री के रूप में उदय ताड़कर 11वीं कॉमर्स, उप गृह मंत्री कु मोनिका नायक, स्वास्थ्य मंत्री अंकित कुमार यारदा 11वीं कॉमर्स, उप स्वास्थ्य मंत्री कु प्रेरणा साहू 11वीं गणित, युवा एवं खेल मंत्री साहिल साहू 11वीं कॉमर्स, उप खेल मंत्री कु गौरी साहू 11वीं बायो, स्वच्छता एवं पर्यावरण मंत्री जुनैद खान 11वीं बायो, उप स्वच्छता एवं पर्यावरण मंत्री कु हेमलता 11वीं बायो, सांस्कृतिक मंत्री कु सीमा भूआर्य 10 वीं, उप सांस्कृतिक मंत्री कु गुनेश्वरी 11वीं कला मनोनीत किए गए। प्रभारी प्राचार्य आई आर बागमरिया ने बाल केबिनेट को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र शासन प्रणाली को समझने के लिए शाला स्तर से बाल केबिनेट का गठन कर लोकतांत्रिक ढांचा को समझाने में आसान तरीके हैं। उन्होंने कहा कि बच्चे आज शाला स्तर के बाल केबिनेट मंत्री हो, आने वाले कल में आप राज्य और देश के भावी मंत्री होंगे।

आप लोग ही देश के भविष्य हैं। आप लोगों के नेतृत्व में इस संस्था को अनुशासन में रखेंगे, इस संस्था का नाम हर क्षेत्र रोशन करेंगे, चाहे पढ़ाई के क्षेत्र में हो, खेल के क्षेत्र में हो, संस्कृति के क्षेत्र में हो या पर्यावरण के क्षेत्र में हो। संबोधन पश्चात शाला अनुशासन एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस बाल केबिनेट गठन में समस्त टीचर्स स्टॉफ एवं समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## डा. मुखर्जी की जयंती पर निकुम में किया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी जन्म जयंती एवं एक पेड़ मां के नाम का कार्यक्रम दिनांक 6 जुलाई 2025 दिन रविवार समय- सुबह 11.00 बजे स्थान रेस्ट हाउस अंडा में राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान व प्रदेश संगठन के निर्देश पर एवं भाजपा जिलाध्यक्ष के मार्गदर्शन में भाजपा अंडा निकुम मंडल में संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के 124 वी जन्म जयंती एवं एक पेड़ मां के नाम मंडल स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन अंडा रेस्ट हाउस में किया गया जिसमे प्रमुख रूप से डिलेश गब्बर साहू महामंत्री, कार्यक्रम संयोजक अजीत चंद्राकर,सह संयोजक बेला यादव, मनोज गोलू चंद्राकर,मण्डल उपाध्यक्ष अजय चौहान, नूतन निर्मलकर,मुकेश चंद्राकर कार्यालय मंत्री अध्यक्ष सेवा सहकारी अंडा एवं निकुम पुकेश चंद्राकर,भैयालाल साहू,उपसरपंच अंडा यशवंत बंजारे,मण्डल सह कोषाध्यक्ष विजयलक्ष्मी कन्नौजे,वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता घनश्याम दिल्लीवार, धरम लाल पिपरिया, छगन दिल्लीवार, श्री मति हेमलता देशमुख, श्री मति दीपा गन्धर्व,बूथ अध्यक्ष तिलक चंद्राकर,रोशन मुन्ना देशमुख, मणी राम निषाद,संजय बघेल ,देवनारायण दिल्लीवार, लीलाधर साहू,झम्मन दिल्लीवार, मीडिया प्रभारी लुकेश देवांगन, सह प्रभारी, जीतू सिन्हा सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## वर्षा से कई रास्तों पर कीचड़ व फिसलन वाहन धराशायी और लोग हो रहे घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

इन दिनों धान की रोपनी के मौसम में किसानों द्वारा खेतों की जुताई से नई समस्या सामने आई है। ट्रैक्टरों के चक्के से खेत की गीली मिट्टी मुख्य सड़कों पर गिर रही है इससे पक्की सड़कें कीचड़युक्त हो रही है बारिश के दौरान यह मिट्टी सड़कों को फिसलन भरा बना देती है स्थानीय लोगों के लिए सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है खासकर दुपहिया वाहन चालकों को वाहन फिसलने का खतरा हर समय बना रहता है। स्कूली बच्चे, बाजार जाने वाले ग्रामीण और आम यात्री इस स्थिति से परेशान है कुछ दिनों से लाटाबोड़ से भोईनापार जाने वाले मुख्य मार्ग पर अधिकतर देखने क़ो मिल रहा है।

- बारिश के बाद खेती-किसानी के काम में तेजी

### कीचड़ फंसने से वाहन हो रहे जाम



रविवार सुबह सुबह इस मार्ग से गुजरने वालों इसकी साक्षि है कल सुबह लगभग साढ़े पांच बजे रविवार क़ो इसी मार्ग से गुजरते समय देवीनवागांव के एक कार चालक मिट्टी के फिसलन के चलते ब्रेक नहीं लगने से मुख्य मार्ग से लगे एक खेत में जा घुसा गनीमत रही की किसी तरह की जनहानि नहीं वे अपने माता पिता क़ो रेलवे स्टेशन लाटाबोड़ छोड़ने जा रहे थे वही सुबह सुबह ट्वीशन जा रही बालिकाओ की साईकिल भी इसकी चपेट में आ गई साईकिल के टायरो में कीचड़ फस गए जिसे निकालने में लगे रहे एक दो पहिया मोटरसाईकिल वाले गिरकर चोटिल हो गए स्थानीय लोगों ने प्रशासन से ट्रैक्टर चालकों को सड़क पर गिरने वाली मिट्टी की सफाई की जिम्मेदारी की मांग के साथ ही ट्रैक्टरों के चक्के पर मिट्टी रोकने का कोई उपाय किया जाने की मांग की है स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अगर इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया तो सड़क की स्थिति और बिगड़ सकती है इससे दुर्घटनाओं का जोखिम बढ़ेगा प्रशासन से नियमों को सख्त करने की मांग की गई है वाहन चालक़ो का कहना हैश कि ट्रैक्टर चालकों को एक खेत जोतने के बाद दूसरी खेत जाने से पहले चक्के में लगे मिट्टी को अच्छे से साफ कर देना चाहिए। बाइक चलाते समय हमेशा डर बना रहता है कि कही गिर ना जाए और घायल ना हो जाए।

## कठोलिया की पुण्यतिथि में खिचड़ी प्रसाद का करेंगे वितरण

**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में स्वर्गीय परमानंद कठोलिया के श्रद्धांजलि एवं पुण्य तिथि पर धनोरा मे सभी कलाकार एक जगह इकट्ठा होएगे अरुण यादव जस सम्राट दुकालू यादव जस सम्राट पुरन साहू जस सम्राट मंगल वर्मा जस सम्राट डेविड निराला जस सम्राट राम आधार सारथी जस सम्राट राजेश सिन्हा जस सम्राट, सुनील सिहोरे जस गायक सुरेश ठाकुर भजन गायक पुर्णिमा साहु जय गायक गौरीशंकर कश्यप लोक गायक दुष्यंत हरमुख लोक गायक कुलदीप सार्वा लोक गायक महादेव हिरवानी लोक गायक कविता वासनिक दिदी स्वर कोकिला टोमन वर्मा जस गायक मही मंहत लोकगायिका मालती निषाद लोक गायिका नीतु भट्ट लोक गायिका रिंकी देवांगन लोक गायिका केवंरा सिन्हा लोक गायिका रिखी क्षत्रिय लोक मंजरी संचालक राजेश मारु बैगा गृप हर्ष कुमार बिंदु रचनाकार परमानंद मोहनी तारा सिंह चौहान अगराहित निषाद भवानी नायक चेतन बघधरा उभयराम बहतीदरिया विष्णु कश्यप लोक गायक गोविंद साव संगीत कार जगन बाबा उद्घोषक डोरेलाल साहू देवा सोनकर दुलचंद यादव राजू साहू कमलेश सिन्हा नकुल कठोलिया जस एवं फाग संघ अध्यक्ष जुगल कठोलिया मनहरण साहू जस गायक आदि सभी कलाकारों का आगमन दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी ने बताया कि यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से रात्रि 8 बजे तक निरंतर जारी रहेगा।कलाकारों का आगमन एवं दरबार के भक्तों द्वारा सम्मान एवं शाम 4 बजे से खिचड़ी प्रसाद वितरण किया जाएगा बाबा ने सभी भक्तों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं और अपने जीवन को धन्य बनाए।

### बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने लगेंगे 435 नए विद्युत पोल

**दुर्ग।** शहर के विभिन्न वार्डों में विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने विधायक गजेन्द्र यादव ने पहल की है। नये बसाहट वाले क्षेत्र में लाइन विस्तार के नागरिकों की मांग को संज्ञान में लिए और दुर्ग शहर में 435 नये विद्युत पोल लगाने स्वीकृति दिलाई है। उन्होंने बिजली विभाग के सभी जोन के कार्यपालन अभियंता से निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में पर्याप्त रौशनी के लिए बिजली पोल लाइट व अन्य सुधार करने निर्देश दिए हैं, ताकि रात्रि में आने जाने में नागरिकों को परेशानी न हो। दुर्ग जिला मुख्यालय होने की वजह से जिलेभर से लोगों का देर रात आवागमन लगा रहता है।

## अर्जुंदा में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बीस पौधों का रोपण किया गया

**बालोद/अर्जुन्दा।** शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा जिला बालोद में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 20 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता, मुख्य अतिथि मुन्नी लाल निषाद, महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं छात्र–छात्रएं उपस्थित थे।




## पेज 9 के शेष

### युक्तियुक्तकरण में खामियां ...

इसमे यह भी प्रश्न आता है कि यदि किसी कारणवश एक और दो शिक्षक अवकाश पर चले जाते है तो क्या प्रधान पाठक पूर्ण रूप से बच्चो की पढ़ाई और विद्यालय को संभाल सकते है और यदि प्रधान पाठक को भी कारणवश बहुत आवश्यक होने पर अवकाश लेना पड़ा तो क्या विद्यालय को ही एक, दो दिन या अधिक दिनो के लिए बंद कर दिया जाएगा। जब तक की शिक्षक अवकाश से वापस न आ जाए। क्योकि छुट्टी लेना सभी का अधिकार है। ऐसी स्थिति मे बच्चो की शिक्षा अवरूद्ध हो जाएगी। इसे बच्चो के भविष्य के साथ खिलवाड़ माना जाना चाहिए। इसका उदेश्य केवल शिक्षको की आवश्यकता को कम करना है, जो बेरोजगार शिक्षित युवाओ के साथ अन्याय है। काउंसलिंग में शिक्षको की वरिष्ठता को लेकर आपत्ति रही किन्तु इनका समुचित समाधान नही किया गया।


### बीजाभाटा में शिक्षिका स्थानांतरण ....

समर्थन देने बीजाभाटा पहुंचे विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि युक्तिकरण प्रक्रिया ही गलत है। इससे अव्यवस्था फैल रही है। विभाग को कई बार बोलने के बाद भी शिकायत वाली शिक्षिका को ना हटाकर दूसरी शिक्षिका को हटाने से ग्रामीण नाराज है। सरकार पढ़ने वाले बच्चों के साथ-साथ किसानों को भी परेशान कर रही है। किसानों को खाद बीज उपलब्ध नहीं हो रहा है। पर्याप्त मात्रा में बिजली भी उपलब्ध नहीं हो रही है। चक्का जाम को जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर, विधायक प्रतिनिधि राजेश बाफना, हरीश चंद्राकर,केशव शर्मा, जनपद सदस्य ललिता भूआर्य, शोभित यादव, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अनुभव शर्मा ने भी संबोधित किया। चक्का जाम के समर्थन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कोदूराम दिल्लीवार, भोजराम साहू, जनपद सदस्य भूपेश नायक, सागर साहू, सरपंच कांतिभूषण साहू, गीनुराम ठाकुर, दुर्जनलाल साहू, बिसुलाल साहू, टोमन लाल देवांगन, दयाल यादव, अनवर सूर्यवंशी, चोवाराम साहू, भुवन कुमार साहू, लीलाधर मेश्राम, एसडीएम डौडीलोहारा, एसडीओपी सहित विद्यालय के विद्यार्थी, ग्रामीण एवं महिलाएं उपस्थित थे।

### डा. मुखर्जी ने सदैव अखंड ...

मानवता के उपासक थे यज्ञदत्त शर्मा ने कहा कि डॉक्टर मुखजएं सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धांतवादी थे, सावरकर के राष्ट्रवाद के प्रति आकर्षित हुए, हिंदू महासभा में सम्मिलित हुए, मुस्लिम लीग की राजनीति से बंगाल का वातावरण दूषित हो रहा था, वहां सांप्रदायिक विभाजन की नौबत आ रही थी, सांप्रदायिक लोगों को ब्रिटिश सरकार प्रोत्साहित कर रही थी, अपनी विशिष्ट रणनीति से उन्होंने बंगाल के विभाजन के मुस्लिम लीग के प्रयासों को पूरी तरह से नाकाम किया। मुखजएं इस धारणा के प्रबल समर्थक थे की सांस्कृतिक दृष्टि से हम सब एक हैं, इसलिए वे धर्म के आधार पर विभाजन के कट्टर विरोधी थे। राजा दीवान ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखजएं के विचारों और आदर्शों पर चलकर भारतीय जनता पाटएं केंद्र में पूर्ण बहुमत से सरकार बनी है एवं राज्य पर भी लगातार तीन बार सरकार बनी और वर्तमान में भी डबल इंजन की सरकार राष्ट्रहित में कार्य कर रही है। . संगोष्ठी का संचालन महामंत्री राकेश छोटू यादव ने किया एवं संगोष्ठी का आभार प्रदर्शन स्थानीय मंडल अध्यक्ष अरुण साहू ने किया। श्यामा प्रसाद मुखजएं जयंती के स्मृति स्वरूप पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर कमलेश सोनी, लोकेश श्रीवास्तव, माहेश्वरी ठाकुर, निशा योगी, प्रेम साहू, धर्मेंद्र साहू, गिरजेश गुप्ता, दीपक लोढ़ा, रवि प्रकाश पांडे, विनोद कौशिक, संतोष कौशिक, धर्मेंद्र साहू, पुष्पेंद्र तिवारी, प्रीतम यादव, महेश पाठक, रविंद्र कुमार टेमरिया, संतोष साहू, वीरेंद्र साहू, संतलाल साहू, मुकेश कुमार, बाल सिंह साहू, शेरु जसूजा सही तान्या कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### सहकारी समिति मर्यादित ने किया पौधारोपण

**डौंडी।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित डौंडी में एक पेड़ मां के नाम योजनान्तर्गत पौधा रोपण किया गया, उक्त कार्यक्रम में उपस्थित भूखउ राम साहू प्राधिकृत अधिकारी समिति डौंडी, पवन कुमार साहू उप सरपंच छिंदगांव तुलेश्वर हिचामी जनपद सदस्य साधना सोरी जनपद सदस्य, मति रत्ना हिरवानी जनपद सदस्य आर आर ठाकुर समिति प्रबंधक डौंडीकृतेश कुमार गौर कंप्यूटर ऑपरेटर समिति के सभी कर्मचारियों के कर कमलों से पौधा रोपण का कार्य संपर्ण हुआ।

### ग्राम चिंगरी में मां शीतला जुड़वास महोत्सव आज

**अंडा।** नव ज्योति बघधर्रा जस एवं फाग परिवार चिंगरी (अंडा) जिला दुर्ग, मां शीतला जुड़वास महोत्सव मनाया जा रहा है। कार्यक्रम दिन सोमवार स्थान शीतला प्रांगण चिंगरी समय 11बजें से कलश यात्रा, गीत संगीत के साथ। शाम 4 बजें, शीतला प्रांगण में प्रसाद वितरण। शाम 5 बजे से 8 बजे सेवा भजन। आयोजन समस्त ग्रामवासी चिंगरी नव ज्योति बघधर्रा जस एवं फाग परिवार, गौरीनंदन जस एवं फाग झांकी मंडली, आदर्श नवयुवक फाग उत्सव समिति सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहेंगे। ग्राम चिंगरी में मां शीतला जुड़वास महोत्सव आज

### सावनाही पूजा के साथ शुरू हुई, इतवारी पर्व की परंपरा

**लाटाबोड़।** सवनाही पूजा के बाद इतवारी पर्व मनाने की परंपरा ग्रामीण अंचलों में प्रचलित है। यह परंपरा सावन महीने में धान की रोपाई और अन्य कृषि कार्यों से किसानों को आराम देने के लिए किया जाता है। इस दौरान, गांव के सभी लोग एक दिन सामूहिक अवकाश लेते हैं और देवी-देवताओं की पूजा करते है। यह पर्व आमतौर पर 5-7 रविवार तक मनाते है। धान की बुआई और रोपाई जैसे कठिन कामों से किसानों को आराम देने के लिए यह परंपरा शुरू हुई थी। गांव के सभी लोग एक दिन काम बंद करके, एक साथ समय बिताते हैं और देवी-देवताओं की पूजा करते है गांव के बैगा (पुजारी) शनिवार की रात को प्रमुख किसानों के साथ मिलकर गांव के देवी-देवताओं की पूजा करते हैं। जिसे सावनाही पूजा कहते है। उसके दूसरे दिन से ही इतवारी मनाना शुरू हो जाता है। इतवारी, सावन महीने में एक दिन का अवकाश होता है, जिसे पूरे गांव में मनाया जाता है।

### सीबीआई अफसर का झांसा देकर वृद्धा से 22 लाख ठगा

**भिलाई।** डिजिटल अरेस्ट का झांसा देकर अज्ञात ने वृद्ध ले लाखों रुपए का ठगी किया है। घटना पदमनाभपुर थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि जोन 1 न्यू आदर्श नगर दुर्ग निवासी सुभाषिनी जैम्स को अज्ञात ने 1 जुलाई की सुबह उनके मोबाइल पर वाट्सएप काल किया। कॉलर ने स्वयं को मुम्बई पुलिस से सीबीआई आफसर होने का झांसा दिया। अज्ञात ने पीड़ित को खाते से हवाला का 6. 80 करोड़ रुपए जमा होना बताया गया।

## जयंती

### डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी के विचार आज भी प्रासंगिक

# डॉ. मुखर्जी की जयंती पर श्रद्धांजलि दी और एक पेड़ अभियान चलाकर किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई शक्ति केंद्र डौंडी के समस्त बूथों मे भारतीय जनसंघ के संस्थापक प्रखर राष्ट्रभक्त एवं अखंड भारत के युगदृष्टा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें शत शत नमन कर मनाई गई और इसके तत्पश्चात हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान पुलिस मैदान मे पौधारोपण किया गया।

जिसमें मुख्य रूप से मंडल के अध्यक्ष डॉ. रुपेश नायक नगर पंचायत अध्यक्ष मोहन्तिन चौंरका उपाध्यक्ष संजीव मानकर मंडल महामंत्री हिन्छा राम साहू उपाध्यक्ष राजेंद्र पिंन्टू नाहार कोषाध्यक्ष विशाल जैन वरिष्ठ कार्यकर्ता दिनेश अग्रवाल पुर्व महामंत्री अजय चौहान पूर्व जिला मंत्री राधिका भरद्वाज निलेश जायसवाल भूखऊ राम साहू पार्षद गण यदुनंदन देवहारी प्रशांत नेताम अनिल निर्मलकर चिमन जैसवाल शिव राम चौंरका एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे ।





### जामगांव आर में डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई

**जामगांव आर।** प्रदेश भाजपा एवं जिला भाजपा के मार्गदर्शन अनुसार जामगांव आर भाजपा मंडल में डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी जन्म जयंती समारोह का आयोजन रविवार को हुआ। समारोह में भाजपा मंडल जामगांव आर में बूथों के अध्यक्ष, सेवा सहकारी समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष गण, स्कूलों के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष, पंचायत प्रतिनिधि, सक्रिय सदस्य गण, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा सहित भाजपा जन्म काल दशक के भाजपा नेता उपस्थित थे। कश्मीर से धारा 370 हटने से डॉ. साहब का सपना हुआ साकार। भाजपा जामगांव आर मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ने कहा कि डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के रग रग में देश प्रेम भारत की संस्कृति भाईचारा कूट कूट कर भरी थी। डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के मार्गदर्शन में चल रहे भाजपा डाक्टर साहब के सपने को साकार करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही कश्मीर से धारा 370 का हटना कश्मीर गर्व के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाना



खुला प्रमाण है। साहू ने कहा महापुरुषों के आदर्शो को आत्मसात कर कार्यकर्ता देश में संस्कार की ज्योति जलाकर जन मानस को खुशहाली दे। डॉ. श्यामप्रसाद मुखर्जी का जीवन देश प्रेम और संस्कार से ओतप्रोत था।

डॉ. श्यामप्रसाद मुखर्जी का विचार आज भी प्रासंगिक है। जमगांव आर भाजपा मंडल महामंत्री निर्मल जैन, पूर्णेंद्र सिन्हा ने कहा कि डॉ. श्यामप्रसाद मुखर्जी के पद चिन्हों पर चलकर अपना और देश का भला कर सकते है। संस्कार और देश प्रेम के मिशाल से लबरेज आदरणीय डॉ. साहब का मार्गदर्शन आज भी प्रासंगिक है और हमेशा प्रासंगिक रहेगा। संस्कार जीवन को संवारता है। देशप्रेम जीवन जीने की कला सिखाता है। भाजपा अपने महान नेता को शत शत नमन करते हुए आम जनता की भलाई के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सतत कदम बढ़ा रहा है। कन्हैया लाल साहू ने भी अपने विचार रखे। इनकी गरिमामय उपस्थिति रही। डॉ. श्यामप्रसाद मुखर्जी जन्म जयंती समारोह में मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, महामंत्री निर्मल जैन, पूर्णेंद्र सिन्हा, कोषाध्यक्ष अरुण चंद्राकर, उपसरपंच मुकेश साहू, भाजपा नेता बेनीराम साहू, नरेश केला, शैलेंद्री मंडावी, कन्हैयालाल साहू, मेघनाथ सागरवंशी, मनीष जैन, अंगेश्वर साहू, किशोर साहू, सीताराम साहू मंचासिन रहे। संचालन अंगेश्वर साहू आभार अरुण चंद्राकर ने किया।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया नमन

**डौंडीलोहारा।** राष्ट्रीय, प्रदेश व जिला भाजपा संगठन के निर्देश पर डौंडी लोहारा मंडल भाजपा के तत्वाधान में अटल चौक पुराना बस स्टैंड के समक्ष जनसंघ के संस्थापक भाजपा के प्रेरणा श्रोत पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण का कार्यक्रम रखा गया था। जहां उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को याद किया गया, इस कार्यक्रम में प्रमुख रुप से जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल, जिला पंचायत के पूर्व सदस्य होरी लाल रावटे, जनपद उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर,नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेन्द्र टेकाम, उपाध्यक्ष नगर पंचायत नेहा उपाध्याय, जिला कार्यकारिणी सदस्य जसराज शर्मा, मंडल महामंत्री सोमेन्द्र देशमुख, पूर्व कोषाध्यक्ष गैंदमल भंसाली, पूर्व उपाध्यक्ष यतेन्द्र देवांगन, प्यारे निषाद, हिम्मत देशमुख, इकबाल अरोरा, धिरेन्द्र टांक,पलाश गुप्ता, रवि जैन, पार्षद द्वय श्रीमती सूर्यकला ठाकुर ,वीर सिंह ठाकुर, नारायण सिन्हा, धीरज जैन, जीवराखन कौमार्य, उत्तम मालेकर, डोमेन्द्र देशमुख, तुकाराम साहू, बलदाऊ सेन,दसरू सिन्हा, तिलक यादव, कुबेर सोनी, गिरधारी कोसमा, ललित साहू, संतोष यादव, हेमचंद सिन्हा, पूनम निषाद सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए।



### पर्यावरण प्रेमियों की अनूठी पहल : जंगलों में फेंके जा रहे हैं सीड बॉल

**बालोद।** ग्राम हितेकसा के जंगलो मे पर्यावरण प्रेमी विरेन्द्र सिंह व उनके साथियो द्वारा बरसात के मौसम मे सीड बॉल जंगलो मे फेका गया। उनके द्वारा लगातार ग्रामीण युवाओं को पौधारोपण के लिए प्रेरित करने का काम किया जा रहा है। उनके द्वारा आम, जामुन, नीम, हर्रा, बेहडा, करंज, के बीज और सीड बाल जंगलों में फेंकने का कार्य लगातार किया जा रहा है। इन सीड बाल से बारिश से बीज अंकुरित होगा। लोगों से निवेदन किया जा रहा है अपने पास करंज, आम, नीम, जामुन, गुलमोहर, का बीज आस पास खाली जगह पर और जंगलों में फेके।

### शाला टटेंगा में पर्यावरण संरक्षण की मिसाल दी, जन्मदिन पर किया पौधारोपण

**बालोद।** पर्यावरण प्रेम और संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला टटेंगा के शिक्षकों और प्राचार्य आरके देवांगन के द्वारा विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है।

जिसमें विद्यार्थी अपने जन्मदिन को यादगार बनाते हुए प्राचार्य द्वारा दिए हुए पौधे को स्कूल परिसर में लगा रहे हैं। जिससे एक तरफ उनके लगाए पौधे से उनका नाम स्कूल में हमेशा के लिए यादगार बन जाएगा। वही पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उनके द्वारा लगाया गया पौधा हरियाली की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाएगा। इस काम में नवाचारी शिक्षक और यूथ एंड इको क्लब प्रभारी व्याख्याता अजय पाठक, पवन सिन्हा, हेपशिबा एंथोनी और रीना बोरकर बच्चों को फलदार और छायादार पौधे देते हैं और उसे विद्यालय परिसर के भीतर ही लगवाते हैं। साथ ही उसके संरक्षण का संकल्प भी दिलाते हैं। इसके पीछे उद्देश्य है कि बच्चों में अपने लगाए पौधे के प्रति प्रेम रहे और वह उसे सुरक्षित रख खुद को गौरवान्वित महसूस कर सकें। इस अवसर पर स्टाफ उपस्थित थे।





## पीएमश्री शाला सम्बलपुर में बाल कैबिनट और ग्रीन क्लब का गठन किया गया




**डौंडीलोहारा।** पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला सम्बलपुर में सत्र 2025- 26 के लिए बाल कैबिनेट के गठन किया गया।बाल कैबिनेट में सभी पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चुनाव किया गया। ज

िसमें प्रधानमंत्री प्रवीण कुमार, उपप्रधानमंत्री कु. महिमा, शिक्षामंत्री डाली, उप शिक्षा मंत्री मन्यक कुमार, खेल मंत्री प्रकाश, उप खेल मंत्री कु.परिमा, स्वास्थ्य मंत्री नंदनी ,उप स्वास्थ्य मंत्री हर्ष कुमार, सफाई मंत्री डालेश्वरी, उप सफाई मंत्री इंद्रेश कुमार, सांस्कृतिक मंत्री तेजस्वी, उप सांस्कृतिक मंत्री पियांसु , उद्यान मंत्री चिरायु, उप उद्यान मंत्री दिशा साहू ,कक्षा नायक पांचवीं से कांक्षी, उप कक्षा नायक हेमराज, कक्षा चौथी से कक्षा नायक भाग्य उप नायक जश कुमार, कक्षा तीसरी से नायक लसिका, उप गगन दूसरी से कक्षा नायक राजेश, उपनायक हेमिन कक्षा पहली से सानिध्य कुमार और विद्या यादव को बनाया गया।

इसी प्रकार ग्रीन क्लब में पृथ्वी ,जल, वायु आकाश ,अग्नि ग्रुप बनाकर ग्रुप प्रमुख बनाया गया जिसमें पृथ्वी ग्रुप के प्रमुख वरुण कुमार, सेविका जल ग्रुप से चेतांश, साधना, वायु ग्रुप से लक्की देवासिता आकाश ग्रुप से आकाश,पावनी निषाद अग्नि ग्रुप से कारण कुमार और भूमि पटेल को बनाया गया। सभी पदाधिकारियों को उनके कार्यो के प्रति जवाबदेही के लिए शपथ दिलाया गया। कैबिनेट गठन की प्रक्रिया में शिक्षक अनिल दिल्लीवार एवं बसंती पीकेश्वर के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक वीणा ठाकुर, सुनीता साहू, बसंती पीकेश्वर, अनिल दिल्लीवार, राबिन नागवंशी उपस्थित थे।

### भूमिपूजन किए गए कार्यों को जल्द पूरी करने की मांग की गावड़े ने की

**डौंडी।** ब्लॉक के वनांचल के ग्राम पंचायत चिहरों में विधानसभा चुनाव के पूर्व अनिता भेड़िया ने चुनावी लाभ के लिए बिना स्वीकृत कार्य का निर्माण कार्य की भूमिपूजन किया गया। जिसमे चिहरो में सामुदायिक भवन व देवगुड़ी, ग्राम दिघवाड़ी में देवगुड़ी, ग्राम काकड़कसा निर्माण कार्य था। भूमि पूजन के बाद रेत ईट भी गिरा चुके थे पर भूमिपूजन के बाद आज तक उक्त निर्माण कार्य स्वीकृति का आदेश ही नहीं पहुंचा है, तो भूमिपूजन किए गए कार्यों का निर्माण कैसे होगा। चुनाव जीतने के बाद अभी तक इस और कोई पहल भी नही हुआ है, निर्माण हेतु गिराए गए रेत ईंट उठा लिया गया, भूमिपूजन किए गए शिलालेख ग्राम पंचायत की शोभा बढ़ा रहा है, जनपद सदस्य तुलेश्वर हिचामी ने पूर्व मंत्री व विधायक से जिन कार्य का भूमि पूजन किया है, उसे जल्द स्वीकृत कराकर निर्माण कार्य कराने की मांग की है। अगर इस निर्माण कार्य नहीं होता है तो आने वाले समय पर जनता माकूल जवाब देगी, जनपद सदस्य तुलेश्वर हिचामी सरपंच कमिथला गावड़े उपसरपंच धर्मेंद मांडवी गणेश्वर गावड़े सहित ग्रामीणों ने भूमिपूजन किए गए कार्यों को जल्द पूरा करने की मांग की है।



## शपथ ग्रहण समारोह में छात्र नेताओं को सौंपे गए दायित्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी हिंदी माध्यम विद्यालय कुसुमकसा में विद्यार्थी परिषद का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें सभी छात्र संघ पदाधिकारियों की शपथ के साथ उन्हें जिम्मेदारियां भी सौंपी गई।

जिससे शाला का प्रभावी संचालन होती रहे। छात्र-छात्राएं शाला उन्नति के लिए समर्पित हो सके। शाला के विद्यार्थी संस्कारवान और सुयोग्य बन सके। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल बैंड के सधे हुए कदमों व धुंन द्वारा अतिथियों को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ किया गया। तत्पश्चात सरस्वती वंदना व्याख्याता मांडवी मिश्रा द्वारा प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि संजय बेस पूर्व जनपद सदस्य डौण्डी ने कहा की शाला में बच्चों का नेतृत्व क्षमता बढ़ाने और उन्हें अनुशासन का पाठ पढ़ाने का सबसे सही अवसर है, जिससे बच्चें पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में निरंतर आगे बढ़ते रहें छात्र जीवन में जिम्मेदारियां निभाने से नेतृत्व क्षमता का विकास होता है, जो राष्ट्र निर्माण तथा समाज सेवा का आधार होता है। प्राचार्य सुनीता यादव ने शालानायक हिमाचल खरे, सहित सभी लीडर को शपथ दिलाई। प्राचार्य सुनीता यादव ने कहा कि शाला के समस्त छात्र संघ पदाधिकारियों को अनुशासन को बनाए रखने और अपने पद एवं दायित्वों का निर्वहन करने का शपथ दिलाया गया। धन्यवाद ज्ञापन व्याख्याता अशोक कुमार सिन्हा ने दिया। इस अवसर पर शाला के व्याख्यातागण मर्सी जॉर्ज, गीता गुप्ता, इंद्राणी मुखर्जी,सावित्री स्वर्णकार, किरण झा, चंद्रकला सक्सेना, कृतिका साहू, दीपमाला जोशी, रंजना खोबागढे, शीतला नायक,देहुती कोठारी, भारत लाल नायक, आशा प्रधान ,डाली मेश्राम, चंद्रभूषण डाहरे, जनक साहू, विजय लक्ष्मी साहू ,उमेश कुमार सिन्हा, वर्षा जनवंधु आदि उपस्थित थे।

### जिले के 639 निजी स्कूलों को मिलेगी 9 जसे किताबें

**भिलाई।** सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को किताबें नहीं पहुंचा पाने के बाद छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम ने निजी स्कूलों की वितरण व्यवस्था को बदल दी है। दुर्ग जिले के 639 निजी स्कूलों को अब 9 जुलाई से 13 जुलाई तक शासन की निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण योजना के तहत पुस्तकें बांटी जाएगी। इसके लिए निगम ने उरकुरा रायपुर स्थित डिपो को वितरण केंद्र बनाया है। पुस्तक परिवहन का खर्च निजी स्कूलों को स्वयं से वहन करना होगा। करीब 26 हजार विद्यार्थियों को पुस्तकें मिलने से राहत मिलेगी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, एक्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## सड़क की हालत दयनीय आवागमन में हो रही है परेशानी

# रानीतराई मार्ग बदहाल, ग्रामीणों ने की मरम्मत की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ग्राम पंचायत रानीतराई (कि) जोकि फरदफोड से सिब्दी एवं झिटिया से औरी पहुंच मार्ग बहुत ही ज्यादा खराब है, समाजसेवी कल्याण साहू ने बताया कि यह ग्राम पंचायत स्वतंत्र भारत बनने के पश्चात सबसे पुराना ग्राम पंचायत है जिसके अंतर्गत पहले ग्राम औरी, गंधरी, किसना एवं ग्राम रानीतराई एक संयुक्त पंचायत था। परन्तु अब ग्राम औरी, गंधरी एवं किसना स्वतंत्र पंचायत बन चुका है, ग्राम रानीतराई में शास. उच्च. माध्य. विद्यालय है।

जिसमें बुढ़ानपुर, सिंगारपुर, झिटिया, औरी, गंधरी एवं अन्य ग्रामों से विदयार्थी विद्या अध्ययन करने आते है। कई बार तो सड़क में गड्ढे होने के कारण गिरजाने से घर वापस जाना पड़ता है। ग्राम रानीतराई में यदि कोई व्यक्ति बीमार हो जाता है तो उसे खण्ड चिकित्सालय एवं जिला चिकित्सालय ले जाने के लिए वाहन वाले भी उक्त गांव में जाने के लिए कतराते है। सड़क की खराब हालत को देखते हुए ग्रामीणों द्वारा क्षेत्रीय विधायक कुंवर सिंह निषाद एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को उक्त सड़क निर्माण हेतु अवगत कराया था लेकिन अभी तक सड़क निर्माण हेतु कोई ध्यान नहीं दिया गया। उक्त सभी ग्रामों के विद्यार्थियों को महाविद्यालय एवं आई.टी.आई. अध्ययन करने के लिए खेरथा बाजार एवं सुरेगांव उसी मार्ग से जाना पडता है। सड़क की इस बदहाल हालत के कारण कई लोग उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते है। यह ग्राम विकासखण्ड डौण्डीलोहारा के अंतिम छोर पर बसा हुआ है, उक्त ग्राम में भोले भाले लोग रहते है जिनकी समस्या को सुनने के बजाय शासन एवं प्रशासन मुग्ध बैठे हुए है, आज की परिस्थिति में उक्त सड़क का निरीक्षण कर डामरीकरण एवं पुलिया निर्माण जनहित में अति आवश्यक है। यह ग्राम रानीतराई वि.ख. डौण्डीलोहारा तह. मार्रीदेवरी बंगला जिला-बालोद के अंतर्गत आता है।





कैलाश मानसरोवर यात्रा
25 जुलाई, 14 अगस्त, 23 सितंबर 2025 (12 रात 13 दिन)
सुविधाः- 3 स्टार होटल, टूर गाईड, बस, फुड (ब्रेकफास्ट एंड डिनर), काठमांडू (पशुपतिनाथ)
नोटः- काठमांडू तक की फ्लाईट टिकट या ट्रेन टिकट का चार्ज एक्सट्रा रहेगा।
राशिः- (13 दिन) 2,10000/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411